# बीपीएस महिला विश्वविद्यालय की चार टीमें रही सांझी विजेता, किया सम्मानित

गोहाना, 24 सितम्बर (रामनिवास धीमान) : उपमंडल के गांव खानपुर कलां स्थित भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय ने कुरुक्षेत्र में आयोजित 'विरासत' नाम से आयोजित 5वीं सांझी प्रतियोगिता में प्रो. सुषमा जोशी के नेतृत्व में विश्वविद्यालय की पांच टीमों ने भाग लिया। जानकारी देते हुए प्रो. सुषमा ने बताया कि महिला विश्वविद्यालय द्वारा बनाई गई पांच सांझी में से चार सांझी विजेता घोषित की गई। प्रो. जोशी ने बताया कि विवि की चौथी टीम जिसका नेतृत्व कुमारी निशा ने किया को रुपए 11000 का नकद पुरस्कार, वहीं प्रो. सुषमा जोशी की टीम को रुपए 5100 का नकद पुरस्कार, कुमारी नंदिनी की टीम को 3100 का नकद पुरस्कार तथा कुमारी निशा भारती की टीम को रुपये 1000 का नकद पुरस्कार मिला। प्रो. सुषमा जोशी ने बताया कि इस प्रतियोगिता में कुल 49 टीमों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि हरियाणा राज्य बाल विकास परिषद की उपाध्यक्ष सुमन सैनी व विशिष्ट अतिथि के रूप में बीपीएस महिला विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर सुदेश ने विजेता टीमों को पुरस्कृत किया।

पंजाब केसरी
THU,25 SEPTEMBER 2025
EDITION: SONIPAT KESARI, PAGE NO. 4



महिला विश्वविद्यालय की एक विजेता टीम पुरस्कार ग्रहण करते हुए।(अरोड़ा)

# सांझी प्रतियोगिता के 5 में से 4 पुरस्कार बी.पी.एस. ने जीते

गोहाना, 24 सितम्बर (अरोड़ा): बी.पी.एस. महिला विश्वविद्यालय ने कुरुक्षेत्र में 'विरासत' नाम से आयोजित 5वीं सांझी प्रतियोगिता में भाग लिया। विश्वविद्यालय की संस्कृति एवं युवा कार्यक्रम निदेशक डॉ. सुषमा जोशी के नेतृत्व में विश्वविद्यालय की 5 टीमों ने सांझी प्रतियोगिता में भाग लिया। इनमें से 4 टीमें विजेता बनीं।

प्रथम टीम स्वयं डॉ. सुषमा जोशी के साथ ज्योति, कुसुम एवं काजल, दूसरी टीम में संतरा, सुनीता के साथ पावनी एवं मेघा, तीसरी टीम में नंदिनी, अनु, वंदना एवं वंशिका, चतुर्थ टीम में निशा सिहाग, साक्षी, पलक और मोनिका, 5वीं टीम में निशा भारती, मीनाक्षी, आरती एवं रिया रही।

महिला विश्वविद्यालय द्वारा 5 सांझी बनाई गईं। इनमें से 4 सांझी विजेता घोषित की गईं। निशा की टीम को 11000 रुपए, डॉ. सुषमा जोशी की टीम को 5100 रुपए, नंदिनी की टीम को 3100 रुपए तथा निशा भारती की टीम को 1000 रुपए का नकद पुरस्कार मिला।

# सांझी प्रतियोगिता के 5 से 4 पुरस्कार बी.पी.एस. ने जीते



गोहाना मुद्रिका, 24 सितंबर : बी.पी.एस. महिला विश्वविद्यालय ने कुरुक्षेत्र में "विरासत" नाम से आयोजित सांझी प्रतियोगिता में भाग लिया। संस्कृति एवं युवा कार्यक्रम निदेशक डॉ. सुषमा जोशी के नेतृत्व में विश्वविद्यालय की पांच टीमों ने सांझी प्रतियोगिता में भाग लिया। इनमें से चार टीमें विजेता बनीं।प्रथम टीम स्वयं डॉ. सुषमा जोशी के साथ ज्योति, कुसुम एवं काजल, दूसरी टीम में संतरा, सुनीता के साथ पावनी एवं मेघा, तीसरी टीम में नंदिनी, अनु, वंदना एवं वंशिका, चतुर्थ टीम में निशा सिहाग, साक्षी, पलक और मोनिका, पांचवी टीम में निशा भारती, मीनाक्षी, आरती एवं रिया रही। महिला विश्वविद्यालय द्वारा 5 सांझी बनाई गई। इनमें से चार सांझी विजेता घोषित की गई। निशा की टीम को 11000 रुपए, डॉ. सुषमा जोशी की टीम को 5100 रुपए, नंदिनी की टीम को 3100 रुपए तथा निशा भारती की टीम को 1000 रुपए का नकद पुरस्कार मिला।

# सांझी बनाने की प्रतियोगिता में भगत फूल सिंह महिला विवि की टीमें छाई

- कुरुक्षेत्र विवि में विरासत नाम से सांझी प्रतियोगिता आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोहाना

कुरुक्षेत्र विवि में विरासत नाम से 5वीं सांझी प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में भगत फूल सिंह महिला विवि खानपुर कलां की पांच में से चार टीमों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। भगत फूल सिंह महिला विवि की संस्कृति एवं युवा कार्यक्रम निदेशक प्रो. सुषमा जोशी के नेतृत्व में विवि की पांच टीमों ने सांझी प्रतियोगिता में भाग लिया। इनमें पहली टीम स्वयं प्रो. सुषमा जोशी, ज्योति, कुसुम एवं काजल, दूसरी टीम संतरा, सुनीता, पावनी एवं मेघा, तीसरी टीम कुमारी नंदिनी, अनु, वंदना एवं वंशिका, चौथी टीम कुमारी निशा सिहाग, साक्षी, पलक, मोनिका और पांचवी टीम कुमारी निशा भारती, मीनाक्षी, आरती एवं रिया पर आधारित रही। प्रतियोगिता में महिला विवि द्वारा 5 सांझी बनाई गई जिनमें से चार सांझी विजेता घोषित की गई। विजेता टीमों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।



अतिथियों से प्रतियोगिता में उपहार राशि प्राप्त करती महिला विवि की छात्राएं।

# एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत पौधरोपण

गोहाना। भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय खानपुर कलां में राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस पर विभिन्न एनएसएस यूनिट द्वारा एक पेड़ माँ के नाम पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इंस्टीच्यूट ऑफ हायर लर्निंग में प्राचार्या प्रो. सुषमा जोशी की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रो. जोशी ने छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण एक सन्देश दिया और एक स्वछता जागरूकता रैली भी निकली। वही विधि विभाग में आयोजित कार्यक्रम में चीफ वार्डन प्रो. शालिनी ने पौधारोपण की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वृक्ष जीवन और पर्यावरण संरक्षण के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने स्वयं पौधा लगाकर वॉलंटियर्स को उत्साहपूर्वक भागीदारी के लिए प्रेरित किया। विभागाध्यक्ष डॉ. पवन ने पौधों के महत्व और उनके जीवन पर पडने वाले सकारात्मक प्रभावों पर अपने विचार रखे।

# सांझी प्रतियोगिता में बीपीएस की चार टीमें बनी विजेता



गोहाना | बीपीएस महिला विवि ने कुरुक्षेत्र में विरासत कार्यक्रम के तहत 5वीं सांझी प्रतियोगिता में भाग लिया। इसमें विवि की पांच टीमों ने संस्कृति एवं युवा कार्यक्रम निदेशक डॉ. सुषमा जोशी ने बताया कि प्रतियोगिता में विवि की चार टीमें विजेता बनीं। पहली टीम सुषमा जोशी,ज्योति, कुसुम व काजल, दूसरी टीम में संतरा, सुनीता, पावनी व मेघा, तीसरी टीम में नंदिनी, अनु, वंदना व वंशिका, चौथी टीम में निशा सिहाग, साक्षी, पलक व मोनिका शामिल रहीं। निशा की टीम को 11 हजार, डॉ. सुषमा जोशी की टीम को 5100, नंदिनी की टीम को 3100 और निशा भारती की टीम को 1000 रुपए का नकद पुरस्कार मिला। कुलपति प्रो. सुदेश ने विजेताओं को प्रोत्साहित किया।

# बीपीएस महिला विश्वविद्यालय की पांच टीमों ने कुरुक्षेत्र में आयोजित "विरासत" 5 वीं सांझी प्रतियोगिता में लिया भाग

**जन जागरण संदेश**

**खानपुर कलां / गोहाना,** ( अनिल जिंदल), भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय खानपुर कलां ने कुरुक्षेत्र में आयोजित "विरासत" नाम से आयोजित 5 वीं सांझी प्रतियोगिता में भाग लिया। विश्वविद्यालय की संस्कृति एवं युवा कार्यक्रम निदेशक प्रो सुषमा जोशी के नेतृत्व में विश्वविद्यालय की पांच टीमों ने सांझी प्रतियोगिता में भाग लिया। जानकारी देते हुए प्रो सुषमा ने बताया कि प्रथम टीम स्वयं प्रोफेसर सुषमा जोशी , ज्योति, कुसुम एवं काजल, दूसरी टीम में श्रीमती संतरा, श्रीमती सुनीता , पावनी एवं मेघा , तीसरी टीम में कुमारी नंदिनी, अनु, वंदना एवं वंशिका, चतुर्थ टीम में कुमारी निशा



सिहाग, साक्षी, पलक, मोनिका, पांचवी टीम में कुमारी निशा भारती, मीनाक्षी, आरती एवं रिया रही। महिला विश्वविद्यालय द्वारा 5 सांझी बनाई गई। महिला विश्वविद्यालय द्वारा बनाई गई पांच सांझी में से चार सांझी विजेता घोषित की गई। प्रो जोशी ने बताया कि विवि की चौथी टीम जिसका नेतृत्व कुमारी निशा ने किया को रुपए 11000/- का नकद पुरस्कार, वहीं प्रो सुषमा जोशी की टीम को रुपए 5100 का नकद पुरस्कार, कुमारी नंदिनी की टीम को 3100 का नकद पुरस्कार तथा कुमारी निशा भारती की टीम को रुपये 1000 का नकद पुरस्कार मिला। प्रो सुषमा जोशी ने बताया कि इस प्रतियोगिता में कुल 49 टीमों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि हरियाणा राज्य बाल विकास परिषद की उपाध्यक्ष श्रीमती सुमन सैनी व विशिष्ट अतिथि के रूप में बीपीएस महिला विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर सुदेश ने विजेता टीमों को पुरस्कृत किया। कुलपति प्रोफेसर सुदेश ने छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि हरियाणा की संस्कृति को बचाने के लिए इस तरह के आयोजन होने चाहिए। उन्होंने कहा कि छात्राओं ने बड़ी ही लगन और मेहनत से इस कार्यक्रम में प्रतिभागिता दिखाई है। कुलपति ने कहा कि जिस तरह से हमारी छात्राएं पुरस्कृत हुई है, यह प्रेरणा निश्चित ही छात्राओं का मनोबल बढ़ाएगी।